Bhajanagar, Phulbani and Bolengeri; and

(b) if so, when the work will be started ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K. HANUMANTHAIYA) : (a) No.

(b) Dose not arise.

रेल वैगनों के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की मांग

5542. डा० सरदा प्रसाद : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल सरकार ने मकान बनाने में सहायक सामान ढोने के लिए रेल वैगनों की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस बारे मे क्या कार्यवाही कर रही है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) जी हां।

(ख) पश्चिम बंगाल सरकार के नामांकित अधिकारी द्वारा इमारती सामान का कार्यक्रम-बद्ध और प्रायोजित संचलन उच्च प्राथमिकता के अन्तर्गत किया जा रहा है। 1 जनवरी से 20 अप्रैल, 1972 तक की अवधि में इमारती सामानों के लगभग 14,488 डिब्बे पश्चिम बंगाल के विभिन्न ठिकानों के लिए लादे गये। माल डिब्बों की सप्लाई में और वृद्धि करने के सम्बन्ध में रेलों द्वारा जो प्रयास किये जा रहे हैं उन पर कड़ी निगाह रखी जा रही है।

मऊ लोको शेड के कर्मचारियों द्वारा सामूहिक आकस्मिक छुट्टी

5543. डा० सरदा प्रसाद : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम रेलवे के मऊ लोको शेड के अधिकांश कर्मचारियों ने अभी हाल मे सामूहिक (आकस्मिक) छुट्टी ली थी;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे और इस सम्बन्ध मे क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप रेलवे को कितनी क्षति हुई ?

रेल मन्त्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) और (ख). लोको शेड महू के सहायक लोको फोरमैन के खिलाफ सक्षम अधिकारी द्वारा कुछ विभागीय कारंवाई करने पर लोको शेड के कुल 600 कर्मचारियों मे से 106 कर्मचारियो ने 8-4-72 को सामूहिक रूप से आकस्मिक छुट्टी ले ली और ड्यूटी पर नहीं आये। 10-4-72 को इनमे से कुछ कर्मचारियो ने कुछ स्थानीय मामलों, यथा पानी की कमी, मकान मरम्मत, इंजन मरम्मत, कर्मचारियो की कमी आदि से सम्बन्धित एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन का तुरन्त उत्तर दे दिया गया और उसके बाद कर्मचारी काम पर आ गये।

(ग) चालक कर्मचारियों के अभाव मे 8-4-72 और 9-4-72 को 7 मालगाड़ियां रद्द करनी पड़ी। इससे लदे मालडिब्बों को रोके रखना पड़ा और यात्री यातायात की निकासी में देरी हुई।